# ग्रामीण क्षेत्रों में गौवंश नस्ल सुधार को मिलेगा बढ़ावा

**खास बातें**

- नस्ल सुधार से 10 से 20 लीटर दूध की होगी बढ़त
- गौवंश को बढ़ावा देने नंदीशाला योजनांतर्गत होगा प्राकृतिक गर्भाधान



नवभारत न्यूज

**विदिशा 20 दिसम्बर, ग्रामीण अंचलों में स्थानीय अवर्णित एवं श्रेणीकृत गौवंशीय पशुओं की नस्ल सुधार और प्राकृतिक गर्भाधान सेवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा नंदीशाला योजना (अनुदान पर प्रजनन योग्य देशी वर्णित गौ-सांड प्रदाय) संचालित की जा रही है. योजना के अंतर्गत चयनित प्रगतिशील पशुपालकों को अनुदान आधार पर देशी वर्णित नस्ल के गौ-सांड प्रदाय किए जाएंगे.**

पशु चिकित्सा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के तहत साहीवाल, थारपारकर, हरियाणा, गिर, गौलव, मालवी, निमाड़ी, केनकथा सहित अन्य स्वीकृत देशी नस्लों के गौ-सांड उपलब्ध कराए जाएंगे.यह योजना प्रदेश के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू है.

### पात्रता मापदण्ड

योजना का लाभ सभी वर्ग के पशुपालक ले सकेंगे.इसके लिए आवेदक के पास पर्याप्त कृषि भूमि के साथ न्यूनतम 5 गौवंशीय पशुधन होना आवश्यक है.वहीं जिनके पास कृषि भूमि नहीं है, वे भी 20 या उससे अधिक गौवंशीय पशु होने की स्थिति में पात्र होंगे.

### इकाई विवरण व अनुदान

प्रति हितग्राही एक देशी वर्णित गौ-सांड प्रदाय किया जाएगा. साथ ही सांड के लिए प्रथम 60 दिवस का पशु आहार, पशु बीमा, प्रशिक्षण बुकलेट एवं मॉनिटरिंग कार्ड भी उपलब्ध कराया जाएगा.प्रदेश के बाहर की देशी नस्ल के गौ-सांड की इकाई लागत 25 हजार 720 रुपये तथा प्रदेश की देशी नस्ल के गौ-सांड की इकाई लागत 18 हजार 260 रुपये निर्धारित की गई है. प्रति इकाई 75 प्रतिशत अनुदान शासन द्वारा दिया जाएगा.जबकि 25 प्रतिशत अंशदान हितग्राही को देना होगा.

### चयन प्रक्रिया

आवेदक को संबंधित ग्राम पंचायत में आवेदन प्रस्तुत करना होगा. खण्ड स्तरीय पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी द्वारा आवेदन का परीक्षण कर जनपद पंचायत से अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा. इसके पश्चात संयुक्त संचालक अथवा उपसंचालक पशु चिकित्सा द्वारा प्रकरण जिला पंचायत की कृषि स्थाई समिति में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किए जाएंगे. चयन के बाद हितग्राही को पशु चिकित्सा विभाग से अनुबंध करना अनिवार्य होगा.

### संपर्क

योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए संबंधित ग्राम पंचायत, निकटस्थ पशु चिकित्सा संस्था अथवा उपसंचालक पशु चिकित्सा कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है.नंदीशाला योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में देशी गौवंश का संरक्षण, नस्ल सुधार तथा पशुपालकों की आय बढ़ाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है.

#### नंदीशाला योजना से गौशालाएं बनेंगी आत्मनिर्भर- डॉ . नरेंद्र शुक्ला

उपसंचालक पशु चिकित्सा डॉ. नरेंद्र शुक्ला ने बताया कि विदिशा जिले में वर्तमान में 130 शासकीय एवं 18 निजी गौशालाएं, कुल मिलाकर लगभग 150 गौशालाएं संचालित हैं. नंदीशाला योजना के तहत गौशालाओं में उपलब्ध उन्नत नस्ल के सांडों से प्राकृतिक गर्भाधान कराए जाने से गौवंश की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी.डॉ. शुक्ला के अनुसार, उन्नत नस्ल के सांड से क्रॉस ब्रीडिंग होने पर स्थानीय गौवंश एक समय में 5 से 10 लीटर तक दूध देने में सक्षम होगा. यह सुधार क्रमिक रूप से करीब तीन पीढ़ियों में स्थायी रूप ले लेगा, जिससे गौवंश की नस्ल उन्नत होगी और गौशालाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी.उन्होंने बताया कि इस योजना से सड़कों पर घूमने वाले गैर-उत्पादक पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी, क्योंकि उन्हें गौशालाओं में समुचित देखभाल और संरक्षण मिलेगा.वर्तमान में जिले की गौशालाओं से करीब 70 से 75 नंदी (गौ-सांड) की मांग प्राप्त हो चुकी है, जो योजना के प्रति पशुपालकों और गौशालाओं की बढ़ती रुचि को दर्शाती है.पशु चिकित्सा विभाग का मानना है कि नंदीशाला योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जहां एक ओर गौवंश संरक्षण को बल मिलेगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन बढ़ने से पशुपालकों की आय में भी वृद्धि होगी.

## धर्मकांटे की तौल में गड़बड़ी का लगाया आरोप, हुआ हंगामा



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 20 दिसम्बर, मंडी परिसर में स्थित एक धर्मकांटे पर तौल के दौरान शनिवार को विवाद की स्थिति बन गई. उमरखेड़ी से आये एक किसान ने धर्मकांटे पर गड़बड़ी का आरोप लगाया. इस आरोप के बाद किसान ने हंगामा शुरू कर दिया. जिसे देखकर अन्य किसान भी मौके पर एकत्र हो गए और विरोध जताने लगे. जिससे काफी देर तक मंडी परिसर में तनावपूर्ण माहौल बना रहा.** सूचना मिलने पर मंडी सचिव एल.एन. भिलाला मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला. उन्होंने निष्पक्षता बनाये रखने के लिए मंडी परिसर में संचालित अन्य धर्म कांटों पर भी उसी उपज की तौल करवाई. उनकी समझाईश के बाद मामला शांत हो सका.

### हॉर्टफुलनेस पद्धति से करेंगे ध्यान

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित विश्व ध्यान दिवस पर 162 देशों के 10 लाख लोग एक साथ हॉर्टफुलनेस ध्यान पद्धति से ध्यान करेंगे. श्री रामचंद्र मिशन के संचालक और ग्लोबल मास्टर पूज्यनीय दाजी के मार्गदर्शन में ध्यान हृदय पर आधारित होगा. साधक अपने अंत:करण में शांति और संतुलन की अनुभूति करेंगे. ध्यान के द्वारा सभी साधक परिवार, समाज और विश्व के सुख शांति की कामना करेंगे. सिरोंज से हार्टफुलनेस प्रशिक्षक कृष्ण बिहारी पाण्डेय, सीताराम स्वर्णकार एवं सविता साहू ने क्षेत्रवासियों से ध्यान कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है. उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आत्मिक उन्नति के साथ विश्व कल्याण का प्रयास है.

## भागवत कथा में गोवर्धन लीला का हुआ वर्णन

नवभारत न्यूज

**लटेरी, नगर के गुलाब वाटिका परिसर में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्रीराम मानस मण्डल एवं प्रभात फेरी समिति के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें कथा प्रवक्ता पंडित शिवदयाल भार्गव के मुखारविंद से हजारों भक्तों को कथा श्रवण कराई जा रही है कहा कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. आज पांचवे दिवस की कथा में व्यास जी महाराज ने गोवर्धन लीला का वर्णन बताते हुए कहा की ब्रजवासी इंद्रदेव की पूजा की तैयारी कर रहे थे.**

लेकिन श्रीकृष्ण ने उन्हें गोवर्धन पर्वत की पूजा करने को कहा कि क्योंकि पर्वत ही उन्हें फल, फूल और गायों के लिए चारा देता है. इंद्रदेव ने इसे अपना अपमान समझा और क्रोधित होकर भारी बारिश शुरू कर दी, जिससे ब्रज में हाहाकार मच गया भगवान कृष्ण ने सभी ब्रजवासियों (मनुष्यों, पशुओं) की रक्षा के लिए अपनी कनिष्ठा उंगली (छोटी उंगली) पर पूरा गोवर्धन पर्वत उठा लिया और सात दिनों तक उसे थामे रखा. इंद्र का अभिमान चूर इससे इंद्र का घमंड टूट गया और उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी. इसके बाद, गोवर्धन पूजा और अन्नकूट मनाने की परंपरा शुरू हुई. इस अवसर पर समिति के सभी सदस्यों ने गिर्राज जी महाराज को छप्पन भोग लगाकर पूजा अर्चना कर आरती की.

### सुशासन दिवस का आयोजन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,**सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आज जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया. जिला प्रशासन द्वारा इस अवसर पर विशेष पहल करते हुए ग्राम स्तर पर नागरिकों की मूलभूत व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ किया गया.सुशासन दिवस के दौरान सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज आवेदनों की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही आवेदनों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया.

## प्रजापति समाज का मेधावी विद्यार्थी एवं समाजसेवी सम्मान समारोह आज



नवभारत न्यूज

**विदिशा, प्रजापति समाज का मेधावी छात्र-छात्राओंबुजुर्ग एवं समाजसेवियों का सम्मान समारोह रविवार 21 दिसंबर को महालक्ष्मी मैरिज गार्डन जतरापुरा विदिशा में होगा.**

प्रजापति समाज के जिला मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता राजकुमार प्रजापति ने बताया कि इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विदिशा विधायक मुकेश टंडन एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा होगी साथ की जिला प्रशासन के अधिकारी भी बच्चों का मनोबल बढ़ाने पहुंचेंगे.नगर अध्यक्ष कस्तूरचंद प्रजापति ने बताया कि विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि बड़े एवं समाजसेवियों में बढ़-चढ़कर समाज सेवा करने का भाव जागृत हो साथ ही नई पीढ़ी बुजुर्गों का सम्मान हमेशा करें.इस भाव को लेकर प्रजापति समाज इस कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है.समाज के जिला अध्यक्ष डॉ यू एस चक्रवर्ती ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है चक्रवर्ती ने बताया कि हर समाज में ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए. जिससे समाज में आपस में एकता और अखंडता स्थापित रहे साथी नई पीढ़ी को सीख मिले समाज के वरिष्ठ जन जिनमें नथन प्रजापति,सुरेन्द्र प्रजापति, हरीश प्रजापति,बरेलाल प्रजापति, जगदीश प्रजापति,दीपक प्रजापति,चंद्रेश प्रजापति,महेश प्रजापति,अशोक प्रजापति आदि ने सभी समाज बंधुओं से कार्यक्रम में आने की अपील की है.

## दरोई बाबा मंदिर से चांदी के मुकुट व छत्र चोरी

**करीब डेढ़ लाख की चोरी, पुलिस जांच में जुटी**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिले के ग्राम चिडोरिया के समीप स्थित भोंरिया गांव में दरोई बाबा मंदिर से चोरी का मामला सामने आया है. अज्ञात चोर मंदिर से चांदी का मुकुट और चांदी का छत्र चोरी कर ले गए। चोरी गए आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है.**

मंदिर के पुजारी ने बताया कि शनिवार सुबह जब वे नियमित पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे और ताले खोले, तब उन्हें चोरी की जानकारी मिली. मंदिर के गर्भगृह में स्थापित चांदी का मुकुट और छत्र गायब पाए गए,



जिसके बाद तत्काल ग्रामीणों को सूचना दी गई.घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिस पर हंड्रेड डायल मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच-पड़ताल की. पुलिस ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ शुरू कर दी है.फिलहाल अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है.ग्रामीणों ने मंदिर में हुई चोरी पर नाराजगी जताते हुए जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है.

## भैरव बाबा कॉलोनी के रहवासियों ने विधायक से मांगी बिजली सुविधा

**विधायक ने नगर पालिका को पोल गाड़ने और बिजली विभाग को लाइन डालने के दिए निर्देश**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, वार्ड क्रमांक 33 स्थित भैरव बाबा कॉलोनी के रहवासियों ने शनिवार को विधायक से मुलाकात कर बिजली समस्या को लेकर लिखित शिकायत सौंपी. रहवासियों ने बताया कि एक दिन पहले बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा डग्गा डालकर जलाई जा रही बिजली काट दी गई, जिससे कॉलोनी में पूरी रात अंधेरे की स्थिति बनी रही.**

शिकायत में रहवासियों ने कहा कि वे पिछले 12-13 वर्षों से इसी तरह की परेशानी झेलते आ रहे हैं. बिजली की स्थायी व्यवस्था नहीं होने के कारण आए दिन दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.विधायक ने इस अवसर पर कहा कि अपने घर का सपना पूरा करने की प्रक्रिया में कई लोग कॉलोनी की वैधता और अनियमितताओं पर ध्यान नहीं दे पाते, जिसका खामियाजा भविष्य में मूलभूत सुविधाओं की कमी के रूप में भुगतना पड़ता है.समस्या के समाधान के लिए विधायक ने नगर पालिका से विद्युत पोल गाड़ने हेतु एस्टिमेट मंगाने के निर्देश दिए. साथ ही बिजली विभाग से समन्वय कर कॉलोनीवासियों को स्थायी बिजली सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास का आश्वासन दिया.

### सीएमएचओ कार्यालय में पुराने रिकॉर्ड का नष्टीकरण

नवभारत न्यूज

**विदिशा ,** सीएमएचओ कार्यालय में 10 वर्ष से अधिक पुराने दस्तावेजों का नियमानुसार नष्टीकरण किया गया।इस संबंध में डॉ. रामहित कुमार ने बताया कि शासन द्वारा तय नियमों के अनुसार 10 साल से ऊपर के रिकॉर्ड को नष्ट करने की प्रक्रिया अपनाई गई है.उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थापना एवं अकाउंट से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों को छोड़कर अन्य सभी पुराने रिकॉर्ड का नष्टीकरण किया गया है। डॉ. रामहित कुमार के अनुसार, इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के टेंडर की आवश्यकता नहीं होती है और नष्टीकरण की कार्रवाई शासन के सफाई पखवाड़ा ऐप के माध्यम से संपन्न कराई गई.सीएमएचओ ने बताया कि लंबे समय से पुराने रिकॉर्ड जमा होने के कारण कार्यालय की अलमारियां भरी हुई थीं, जिससे कार्य संचालन में असुविधा और जगह की कमी हो रही थी. इसी को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार पुराने दस्तावेजों को नष्ट किया गया, जिससे कार्यालय में स्थान उपलब्ध हो सके और कार्य व्यवस्था अधिक सुचारू हो सके.

**कार्यक्रम** | **जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद का वार्षिक स्नेह सम्मेलन संपन्न**

## मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, एकजुटता की हुई बात





नवभारत न्यूज

**विदिशा,जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद द्वारा शनिवार को वार्षिक स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन रवींद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में किया गया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पं. चंद्रशेखर शर्मा, पूर्व सांसद पं. प्रतापभानु शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा सहित समाज के अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं विद्वानजन उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठजनों के सम्मान के साथ किया गया.जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष पं. दीपक तिवारी ने अपने उद्बोधन में समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से संपूर्ण जिले में पदयात्रा करने की घोषणा की.कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पं. प्रतापभानु शर्मा ने समाज के सभी वर्गों से संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया तथा सार्वजनिक जीवन में सक्रिय विप्र बंधुओं को समाज का पूर्ण समर्थन दिए जाने की आवश्यकता पर बल दिया.भोपाल से पधारे पं. चंद्रशेखर शर्मा ने विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन आयोजित करने का सुझाव दिया. पं. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने ब्राह्मण समाज के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं पं. अंकित कृष्ण बटुक ने सनाढ्य ब्राह्मण समाज के इतिहास को भावुक शब्दों में प्रस्तुत किया.सम्मेलन के दौरान कक्षा पाँचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया.इसके अतिरिक्त समाजसेवी पं. आदर्श तिवारी का भी अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया.कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही.कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती कंचन शर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन परिषद के सचिव श्री अभिनव तिवारी 'गट्टू' द्वारा किया गया.

एन बी सी सी
NBCC
A Navratna CPSE
ASPIRE

**माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से**

**एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड** द्वारा निष्पादित

**ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री**




**एस्पायर सिलिकॉन सिटी**
**फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश**
मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 25 मिनट



**एस्पायर लेज़र पार्क**
**टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश**
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट



**एस्पायर लेज़र वैली**
**टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश**
मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 35 मिनट



**एस्पायर सेंचुरियन पार्क**
**टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश**
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

**ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 27.12.2025**
**ई-नीलामी 29.12.2025 को आयोजित की जाएगी**
**ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक**
**7 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है**

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें:
**www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in**
**या कॉल करें : 9772907414**

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें: